तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 16 नवम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 एनीकट का गेट समय पर नहीं खुलने से स्टोरेज क्षमता रह गई मात्र 40 प्रतिशत



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## सरगुजा में पहले दिन 20 क्विंटल की खरीदी, ज्यादातर समितियों में ताले, छाई वीरानी

# पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई समितियों में धान खरीदी

**अम्बिकापुर। खरीफ विपणन वर्ष 2025 के लिए शनिवार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई। धान खरीदी शुरू होने के बाद पहले दिन शहर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित नमनाकला में धान खरीदी की शुरुआत हुई। किसान अनंत मंडल ने समिति में 20 क्विंटल धान बेचा। इसके साथ ही संभाग के बलरामपुर अंतर्गत डौरा - कोचली में में कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने पूजा अर्चना के बाद धान खरीदी की शुरुआत की। बड़ी बात यह है कि प्रबंधक व कम्प्युटर ऑपरेटर की हड़ताल का समितियों में खासा असर देखने को मिला। ज्यादातर समितियों में ताला लटका रहा और वीरानी छाई रही जबकि कुछ समितियों में अप्रशिक्षित कम्प्यूटर ऑपरेटर के कारण पोर्टल ही नहीं खुला और किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी समितियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हड़ताल के साथ ही अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा।**



## कृषि मंत्री ने डौरा कोचली में किया धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत डौरा-कोचली धान खरीदी केंद्र पहुंचकर धान खरीदी का शुभारंभ किया। केंद्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजा अर्चना कर नई खरीदी सीज़न की शुरुआत की गई।

शुभारंभ के बाद कृषि मंत्री की उपस्थिति में पहली धान की तुलाई की गई। इस दौरान मंत्री नेताम ने कहा कि आपकी मेहनत से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सरकार आपके सहयोग के लिए हर समय तैयार है। सुबह से ही कोचली खरीदी केंद्र में किसानों की आवाजाही लगी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने बताया कि खरीदी शुरू होने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उचित मूल्य उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए टोकन व्यवस्था को और सुद्रीढ़ किया गया है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों से खरीदी केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और समस्या का समाधान तत्काल किया जाए।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के साथ ही पहले दिन प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री सिंहदेव मेंड्रा स्थित कृषि मंडी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह की सूचनाएं मिल रही है उसके अनुसार समितियों में धान खरीदी की व्यवस्था शून्य है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि आज धान खरीदी सत्र के शुभारंभ में सरगुजा कलेक्टर को खडे होकर धान खरीदी करवाना पड़ा है, यह धान खरीदी को लेकर प्रदेश की सरकार की क्षमता पर गंभीर सवाल खडे कर रहा है। उन्होंने कहा कि धान की मात्रा में कमी पर समिति प्रबंधकों पर एफआईआर का प्रावधान किया गया है, जबकि ऐसी स्थिति के लिए भंडारण केन्द्रों के लिए सुखती का प्रावधान किया गया है। यह दोहरी नीति समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों की हड़ताल का प्रमुख कारण बनी है। इस दोहरी नीति के कारण ही प्रशासन ने जिन नए लोगों को खरीदी के काम से जोडा उन्होंने भी अपने हाथ खडे कर दिए। ऐसे में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को धान खरीदी में लगाया गया है जिससे अन्य शासकीय कार्य भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में खरीदी केन्द्रो से 72 घंटे के अंदर धान को मिलिंग करने वाले राईस मिलों को भेज दिया जाता था लेकिन राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त कर खरीदी केन्द्र से पहले मार्कफेड के भंडारण केंद्र में और फिर वहां से राईस मिलों को धान भेजने की नई व्यवस्था बनाई है। इस कारण धान मिलिंग की लागत में वृद्धि होगी, जिसका भार प्रदेश के नागरिकों के द्वारा अदा किए गए कर से बने राजकोष पर पडेगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर शनिवार और रविवार को धान खरीदी नहीं होती लेकिन औपचारिकता निभाने के लिए शनिवार को महज 8 क्विंटल धान की खरीदी की गई है तो धान खरीदी सत्र में आगे भी शनिवार को धान खरीदी का सिलसिला जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेंड्रा स्थिति धान खरीदी केन्द्र सहित अन्य खरीदी केन्द्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार हड़ताल के कारण अभी तक बारदानो की एंट्री ऑनलाईन रिकार्ड में नहीं हो पायी है। ऐसी स्थिति में पोर्टल के माध्यम से समुचित टोकन जारी कर पाने का काम भी प्रभावित हुआ है। इस कारण धान खरीदी की व्यवस्था प्रभावित होने की पूरी संभावना है। धान खरीदी के लिये इस सत्र में लागू की गयी एग्री स्टेट पंजीयन में शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन नहीं हो पाने पर उन्होंने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में नमी जांचने वाली मीटर का अभी तक प्रमाणीकरण नहीं हुआ है।

■ कहा- समितियों में व्यवस्थाएं शून्य, कलेक्टर को खडे होकर करवाना पड़ा धान खरीदी

## खबर संक्षेप

### शंकरगढ़ मंडी में शुरू की गई धान खरीदी

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ मंडी में धान खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिपं सदस्य गीता पैकरा एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती चिंतामणि भगत द्वारा किया गया। ग्राम दोहना वाशील लकड़ा द्वारा धान लाया गया जिसका सर्वप्रथम माला पहना कर स्वागत किया गया एवं लड्डू खिलाकर किस को प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशा के अनुरूप धान को जूट के बोरे में भरवा कर खरीदा किया गया। इस दौरान एसडीएम अनमोल सिंह एवं नायब तहसीलदार गजराज, कृषि विकास अधिकारी उमाकांत सिंह सहित मंडी के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समिति द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशों के अनुसार समय पर भुगतान, ऑनलाइन पंजीकरण की जांच और परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रखा जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शहर आ रहे बाइक सवार को कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लोसंगा निवासी सुदामा एक्का आ. स्व. कामेश्वर एक्का शुक्रवार को बाइक से अकेले शहर आने के लिए निकला था। जैसे ही एनएच 130 लहपटरा के समीप पहुंचा तभी कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख लोगों ने घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## बाथरूम गई महिला और हो गया प्रसव, एक घंटे तक सेप्टिक सीट में फंसा रहा नवजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में प्रसव का एक अनोखा मामला सामने आया है। प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती की गई प्रसूता बाथरूम गई और प्रसव हो गया। बड़ी बात यह है कि प्रसूता को इस बात की जानकारी भी नहीं हुई। महिला बाथरूम से आकर बेड में लेट गई। आधे घंटे बाद उसे एहसास हुआ कि उसका पेट खाली है जिसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। इस घटना ⏭ शेष पेज 4 पर

■ सरगुजा में प्रसव का अनोखा मामला, बच्चे की हालत गंभीर, सेप्टिक सीट तोड़कर निकाला गया बच्चे को



### सफाई कर्मियों ने बचाई जान

बाथरूम में महिला का प्रसव होने के बाद सूचना मिलने पर सफाई सुपरवाईजर आशीष साहू अपने सफाईकर्मी हरि, राकेश, विनय और राजेश के साथ मौके पर पहुंचा और सुरक्षित तरीके से सेप्टिक सीट को तोड़ने का काम शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सेप्टिक सीट को तोड़ा गया इस दौरान बच्चा सीट में बने मुर्गा में फंसा हुआ था। सफाईकर्मियों ने बच्चे को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने के साथ ही उसकी साफ सफाई कर चिकित्सकों को सौंप दिया। इस पूरी घटना के दौरान लगभग एक घंटे तक बच्चा सेप्टिक सीट में फंसा रहा। इस दौरान बच्चे की सांस चल रही थी। फिलहाल बच्चे को अस्पताल के एसएनसीयू के वेंटिलेटर पर रखा गया है और उसका उपचार जारी है।

### सरगुजा में यह पहला मामला

बाथरूम में किसी महिला के प्रसव का सरगुजा में यह पहला मामला है। बताया जा रहा है कि प्रसूता रामपति बाई का यह दूसरा बच्चा है। बच्चा महज 6-7 माह का है और प्री मेच्योर है। सबसे बड़ी बात यह है कि महिला का प्रसव हो गया और उसे इस बात की भनक तक नहीं लग पाई जबकि प्रसव के दौरान असहनीय पीड़ा होती है। इसे लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि बच्चा प्री मेच्योर है और कभी कभी बैठने पर पेट में दबाव पड़ने से बच्चा बाहर आ जाता है।

### गंभीर है बच्चे की स्थिति

बच्चा प्री मेच्योर है। कभी कभी दबाव पड़ने पर इस तरह से बच्चा बाहर आ जाता है। प्रसूता खतरे से बाहर है जबकि बच्चे की हालत गंभीर है। बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया है और चिकित्सक उसकी निगरानी कर रहे है।

-डॉ. जेके रेलवानी, सहायक अधीक्षक व शिशु रोग विशेषज्ञ

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
दिनांक: 17 नवंबर से 23 नवंबर
समय: सोमवार से शनिवार ( प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक)
रविवार: प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
स्पीच थेरेपी
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
अंबिकापुर: मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)
भिलाई: शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)
बिलासपुर: शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)
बैरन बाजार (रायपुर): विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
धमतरी: डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)
जगदलपुर: विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001
कोरबा: मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)
कचहरी चौक (रायपुर): शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
शंकर नगर (रायपुर): प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)
सारंगढ़: डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 )
श्रीनगर,(रायपुर): डॉ ओ पी लेखवानी, शुभम् हॉस्पिटल, संध्या पेट्रोल पम्प के पास, गुढ़ियारी रोड, श्रीनगर, रायपुर (492009)
Google Play | App Store
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लड़ते हुए किया जीवन न्यौछावर : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ जनजातीय गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए वित्त मंत्री

प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में स्वयं को समर्पित करने वाले आदिवासी समाज के सेनानियों का बहुत बड़ा योगदान है। आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है।

हम ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम राष्ट्र सेनानियों को याद करें इसके लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री चौधरी शनिवार को राजमोहिनी देवी भवन ऑडिटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव वर्ष जनजातीय समुदायों के योगदान, गौरवशाली इतिहास और उनकी विरासत को समर्पित है। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि जनजातीय समाज को लाभ दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई। जिसका प्रत्यक्ष लाभ आदिवासियों की जीवन शैली में नजर आ रहा। आज देश के गांव-गांव तक सड़क पहुंच रही है, स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंची है, आदिवासी क्षेत्रों तक शिक्षा, पेयजल, विद्युत पहुंच गए हैं। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि आज का दिन अपने आप में गौरव का दिवस है।




### पीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण हुई लोक नृत्य प्रतियोगिता

इसके पूर्व इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने आदिवासियों के उत्थान में भगवान बिरसा मुंडा की भूमिका को स्मरण कर उन्हें नमन किया तथा देश की आजादी में आदिवासी समुदाय के महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान को याद किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित कुल 14 दलों के बीच प्रतियोगिता हुई। इसके साथ ही कार्यक्रम में वीर नारायण सिंह कला महोत्सव 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुए जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित कुल 7 दल प्रतियोगिता में शामिल हुए।

## मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया खरीदी का शुभारंभ

# कोरिया में पहले दिन 531 क्विंटल की धान खरीदी


पटना में खरीदी का शुभारंभ करते मंत्री राजेश अग्रवाल।


सोनहत में खरीदी का हुआ शुभारंभ ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ 11 उपार्जन केन्द्रों में हुई बोहनी

जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ शनिवार को 11 उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक के साथ हुई। कोरिया पहुंचे प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आदिम जाति तथा सहकारी समिति पटना में पहुंचकर धान खरीदी का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि, किसान व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिले में यह धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक यानी पूरे 75 दिनों तक चलेगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छग सरकार किसानों के एक-एक दाने धान को खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। समिति में ग्राम छिंदियां के किसान रामजी साहू 40 क्विंटल धान बेचने पहुंचे थे।

मंत्री श्री अग्रवाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सरकार किसानों, ग्रामीणों, आदिवासियों और महिलाओं की समृद्धि के लिए समर्पित है। जिले के बैकुंठपुर तथा सोनहत विकासखंड के उपार्जन केन्द्रों में 15 नवंबर से धान खरीदी विधिवत प्रारंभ हुई। जिले में पहले दिन टोकन ऐप के माध्यम से 13 तथा समिति से एक टोकन जारी हुआ था, इस तरह 11 गिरजापुर, जामपारा, झरनापारा, छिंदिया, तरगवां, धौराटिकरा, पटना, पोड़ी, रजौली, सोनहत तथा कटगोड़ी उपार्जन केन्द्रों से 531 क्विंटल धान खरीदी की शुरूआत पहले दिन हो गई।

## सोनहत सहकारी समिति में धान खरीदी शुरु

सोनहत। मुख्यालय स्थित सहकारी समिति सोनहत में धान खरीदी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ 15 नवंबर को निर्धारित समय पर किया गया। खरीदी की बोहनी किसान भंडारी साहू के धान से की गई। धान खरीदी केन्द्र में ग्राम पंचायत सोनहत द्वारा पूरी तरह सहयोग प्रदान किया गया। किसानों की सुविधा के लिए पंचायत ने छाया, साफ-सफाई, टेंट, पानी तथा बैठने की व्यवस्था सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई, इससे केन्द्र में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। शुभारंभ अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक अमला मुस्तैद दिखाई दिया। प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि किसानों को समय पर और सुचारू रूप से धान बेचने की पूरी सुविधा मिले।

# बिहार में ऐतिहासिक जीत, थिरके स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

बिहार में भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के गांधी चौक में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। परिणाम घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की।

पूरे गांधी चौक क्षेत्र में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने बिहारी गीतों की धुन पर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए और विजय का जश्न देर शाम तक जारी रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत बिहार की जनता के विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की नीतियों और विकास कार्यों पर भरोसा जताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक विजय नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और स्थिरता के प्रति लोगों के विश्वास की जीत है।


जश्न मनाते मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य।

## भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा सोनहत मंडल में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सोनहत और कटगोड़ी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी का इजहार किया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर एक-दूसरे को बधाई देते हुए जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और जनता के विश्वास की जीत है। कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बने एनडीए गठबंधन की नीतियों पर भरोसा जताया और बड़ी जीत को ऐतिहासिक बताया।

## बिहार की जीत पर सोनहत में जश्न

**सोनहत**। बिहार चुनाव में भाजपा की जीत से उत्साहित सोनहत क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को महादेव मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद कार्यकर्ताओं ने जय श्री महादेव और भाजपा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए और आतिशबाजी भी की गई। आयोजन में जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता संदीप साहू, नवरत्न पांडे, मनोज त्रिपाठी, प्रकाश राजवाड़े, राजेन्द्र साहू, उमा साहू, हर्ष साहू, कमल सिंह, ओपी गुप्ता, जयकरन साहू, दिनेश साहू, कमला गुप्ता सहित अनेक ग्रामीण बूथों के प्रभारी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार चुनाव परिणाम न केवल भाजपा की जीत है, बल्कि विकास और सुशासन की जीत है।




## घुघरा के छात्रों ने राष्ट्रीय खेलकूद स्पर्धा में रौशन किया छग का नाम




**सोनहत**। इएमआरएस घुघरा के छात्र-छात्राओं ने 6 वीं इएमआरएस राष्टीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किए। इन उपलब्धियों से न केवल विद्यालय बल्कि कोरिया जिला और पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा है।

प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं के छात्र गौरव ने डिस्कस थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रमिला ने बाधा दौड़ में अपनी प्रतिभा और गति का परिचय देते हुए रजत पदक जीता। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले और प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। सहायक कलेक्टर श्रीमती ऊषा लकड़ा ने भी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन बच्चों ने जिले का नाम राष्टीय स्तर पर रोशन किया है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। विद्यालय के प्राचार्य वीकेक सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। खेल प्रशिक्षक अजय कुमार एवं श्रीमती शकुंतला देवी ने भी छात्रों के प्रदर्शन को विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणादायीः राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को कोरिया जिले में जनजातीय गौरव दिवस बड़े उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुनकर हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, छग शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है कि हम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को जनजातीय समाज भगवान का दर्जा देता है और उनके अमर योगदान के कारण उन्हें धरती का पिता कहा जाता है। मंत्री श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने के ऐतिहासिक निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस दिवस को अविस्मरणीय बनाने के लिए जनजातीय बाहुल्य ग्रामों, विकासखंडों, जिलों और राज्य स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें लोक कला महोत्सव, नृत्य प्रतियोगिता, जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन का सम्मान, योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर, प्रभात फेरी, जनजागरूकता यात्राएं और विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

इस वर्ष राज्य स्तरीय आयोजन सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया जा रहा है। मंत्री श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए पीएम जनमन अभियान और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन अभियानों ने विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को राष्टपति द्वारा राष्टीय पुरस्कार भी मिला है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को विशेष ग्रामसभा आयोजित कर ग्राम विकास कार्ययोजना पर सार्थक चर्चा करना और उसे मूर्तरूप देना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## खबर संक्षेप



### चिरायु योजना के तहत बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**करवां।** बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के सभी बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जांच की गई। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता, फार्मासिस्ट नीरज जायसवाल तथा एएनएम श्रीमती मिथलेश राजवाड़े की टीम द्वारा बच्चों का नाक, कान, गला, हृदय, आँख, त्वचा तथा दांतों से संबंधित समस्याओं की क्रमवार जांच किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ बच्चों में सर्दी-खांसी और पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियां पाई गईं, जिनका तत्काल उपचार कर दवाइयां उपलब्ध कराई गई ।बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक परीक्षण कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि चिरायु योजना का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ रखना है। इसी के तहत टीम समय-समय पर विद्यालयों का दौरा कर बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करती है, ताकि किसी भी संभावित गम्भीर बीमारी का समय रहते पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके। चिकित्सा टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी तथा शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी देवलापारा में भी जाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विद्यालय के शिक्षक बद्री प्रसाद एक्का, नंदकिशोर कुशवाहा, श्रीमती शमा बेगम, श्रीमती प्रभावती पैकरा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल में बाल मेला सहः विज्ञान प्रदर्शनी



**अम्बिकापुर।** ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल सकालो में शनिवार को मुख्य अतिथि मुरारी सिंह चंदेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर बाल मेला का शुभ आरंभ किया गया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा मॉडलों का अवलोकन किया साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। संस्था के संचालक अविनाश सिंह चंदेल ने कहा की हमारी संस्था बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद, पूनम सिंह, रूपा, सुमन, कविता, मनिषा, बबली, माधुरी, शाक्षी, सोना, प्रिया, अंकिता सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### जसवंत सिंह एवं विकास दुबे को मिली किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यकारिणी में रामानुजगंज क्षेत्र के दो युवा और सक्रिय नेताओं जसवंत सिंह एवं





विकास दुबे को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेताओं की नियुक्ति को क्षेत्र के किसान नेताओं और ग्रामीणों ने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है। जसवंत सिंह और विकास दुबे पूर्व में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के कारण प्रदेश नेतृत्व का विश्वास अर्जित किया है। दोनों लंबे समय से धान खरीदी, बोनस भुगतान, खाद-बीज वितरण, सिंचाई व्यवस्था तथा फसल बीमा जैसी समस्याओं पर संघर्ष करते रहे हैं। जसवंत सिंह ने बताया कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ किसानों के प्रति बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश भर के किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और कृषक हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं विकास दुबे ने बताया कि किसान कांग्रेस ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाने पर विशेष ध्यान देंगे।

## निधन

### रामपारो देवी

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर निवासी श्रीमती रामपारो देवी का 82 वर्ष की आयु में



निधन हो गया,उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुरवाँ स्थित नदी तट पर मुक्तिधाम में किया गया जिन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र धनंजय सिंह ने दी,वे अपने पीछे तीन पुत्र बजरंग फ्रूट स्टोर के संचालक शैलेश सिंह, धनंजय सिंह,विजय सिंह समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई हैं।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल का दिखा असर

# पहले दिन कहीं ताला बंद तो कहीं पोर्टल नहीं खुलने से निराश होकर लौटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/धौरपुर

खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी पर हड़ताल का असर देखने को मिला। खरीदी शुरू होने के बाद पहले दिन ज्यादातर समितियों में ताला लटका रहा और खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं पहुंचे। इसके साथ ही कुछ समितियों में कम्प्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को ही नहीं खोल पाए। ऐसे में घंटों इंजतार करने के बाद किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे में पहले दिन की धान खरीदी अव्यवस्था का शिकार हो गई।

**खास बात**

- समितियों में नहीं पहुंचे खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर

बता दें कि 15 नवम्बर से प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है लेकिन इन खरीदी के पहले ही अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल के कारण इस बार धान खरीदी के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि प्रशासन का दावा था कि समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी उपार्जन केंद्रों में नवीन धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति कर दी है। जिससे धान खरीदी कार्य बिना किसी रुकावट के निर्बाध रूप से संचालित किया जाएगा लेकिन पहले दिन ही सरगुजा संभाग के विभिन्न समितियों में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला और धान खरीदी प्रभावित रही। सरगुजा जिले की बात की जाए तो लुंड्रा विकासखंड के धौरपुर समिति में खरीदी के पहले दिन ताला लटका रहा। सहकारी समिति में अपना रकबा देखने और टोकन लेने आए किसान घंटों इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर समिति में नहीं पहुंचा। इस दौरान धौरपुर के ग्राम बिलमा से किसान कामेश्वर चौधरी, पडौली के रवि सिंह सहित अन्य किसानों को वापस लौटना पडा।

बताया जा रहा है कि दोपहर में नया कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा था लेकिन प्रभारी के नहीं आने और समिति में ताला लटका होने के कारण वह भी बिना ज्वाइनिंग दिए ही वापस लौट गया। इसी तरह सूरजपुर जिले के ओड़गी अंतर्गत बिहारपुर समिति में भी ताला लटका रहा और किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।



बंद समिति के बाहर खड़े लोग।

### बिना प्रशिक्षण के भेजा ड्यूटी पर

एक तरफ खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर होने से समितियों में पहले दिन ही ताला लटका रहा जबकि दूसरी ओर जिन समितियों का ताला खुला वहां भी कोई काम नहीं हो पाया। लुंड्रा विकासखंड के अंतर्गत धौरपुर के ग्राम डूमरडीह समिति में प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर ने चार्ज ले लिया था लेकिन वे पोर्टल ही नहीं खोल पाए। वहीं सखौली समिति में पहले दिन ही प्रभारी को बदल दिया गया। यहां एसडीओ रैंक के अधिकारी को प्रभारी बनाया गया था लेकिन बाद में सचिव को प्रभारी बनाया गया। इधर यहां भी कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा लेकिन वह पोर्टल नहीं खोल पाया। कुछ इसी तरह की स्थिति बटवाही समिति में देखने को मिली जहां कंप्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को खोल ही नहीं पाया। बताया जा रहा है कि निजी कंपनी के माध्यम से इन सभी कंप्यूटर ऑपरेटर ने अप्लाई किया था लेकिन आनन फानन में प्रशासन ने इन्हें बिना प्रशिक्षण के ही भेज दिया। अप्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों के पोर्टल को ही नहीं खोल पाए और घंटो इन्तजार करने के बाद किसानों को वापस लौटना पड़ा।

### कार्रवाई के बाद भी हड़ताल जारी

एक तरफ शनिवार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो गया है और तो वहीं दूसरी तरफ सहकारी समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी सहित अन्य कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए है। हालांकि 14 नवम्बर को प्रशासन द्वारा युनीयन के कुछ अधिकारियों और प्रबंधकों को बर्खास्त किया गया था लेकिन इसका हड़ताल पर कोई असर नहीं पड़ा। खरीदी के पहले दिन भी हड़ताल जारी रही और धरना प्रदर्शन दिनभर चला। यही यही स्थिति रही तो आने वाले समय में किसानों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और धान खरीदी प्रभावित होगी।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी मंत्री एवं जिला योजना समिति के अध्यक्ष दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के संचालन व प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति की बैठक के दौरान पिलखा क्षीर सिलफिली, गढ़कलेवा सूरजपुर, केनापारा, सी-मार्ट सहित विभिन्न योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। केनापारा क्षेत्र के जीर्णोद्धार, पिलखा क्षीर के संचालन, जिला वार्षिक योजना 2025-26 के अनुमोदन पर भी विचार-विमर्श किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 284 ग्रामों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही इसके अंतर्गत जिला एक्शन प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा समितियों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पाम ऑयल उत्पादन आदि योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण तथा प्रतापपुर के ग्राम कोरमा में निर्माणाधीन हैचरी की स्थिति पर जानकारी प्रस्तुत की गई। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, वृक्ष कटाई अनुमति आदि मामलों की प्रगति बताई गई। शिक्षा विभाग द्वारा सेजेस स्कूल, शिक्षकों की व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्रों, छात्रावास की स्थिति एवं सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े सहित समिति के अन्य सदस्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- विभिन्न योजनाओं की प्रगति की, की गई विस्तृत समीक्षा

# धान खरीदी के पहले दिन सोसाइटियों के गेट में लगे रहे ताले

**बिश्रामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन के मंशानुरूप 15 नवंबर से शुरू कर दी गई है,लेकिन हड़ताल की वजह से पहले दिन भी सभी खरीदी केंद्रों में तालाबंदी दिखी, हालांकि अधिकारियों द्वारा आज शनिवार अवकाश होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जा रहा है,गौरतलब है कि जिले में 54 धान उपार्जन केंद्र और 47 सहकारी समितियां हैं,जहां सप्ताह भर से कामकाज ठप्प पड़े हुए हैं,समितियों के कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया हूआ है,इस आंदोलन की वजह से किसानों का धान खरीदी पंजीयन,खाद-बीज वितरण और खेत की गिरदावरी प्रक्रिया काफी हद तक प्रभावित हो चुकी है,तालाबंदी से किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है,पर खरीदी केंद्रों में आज शनिवार को धान खरीदी के पहले दिन भी सन्नाटा पसरा रहा, समितियों के बंद रहने से किसानों के एग्री स्टेट पोर्टल में उनके खेतों की जानकारी भी अधूरी दिख रही है,वहीं पटवारी की गिरदावरी और वास्तविक खेत सर्वे में भारी अंतर आ रहा है,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है पर तैयारी अब भी अधूरी है,अगर यह स्थिति जारी रही तो किसान अपनी उपज कहां बेचेंगे, यह बड़ा सवाल बन गया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेशभर में 3 नवंबर से कार्य बहिष्कार और तालाबंदी की घोषणा कर आंदोलन पर हैं,बता दें कि 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,सहकारी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ द्वारा आदेश जारी होने उपरांत तत्काल सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी कार्य से अपनी दूरी बनाए जाने की सूचना भी दे दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि जब हमें विभाग द्वारा भारमुक्त नहीं किया जाएगा तो हम दूसरे कार्य हेतु वित्तीय प्रभार कैसे ले सकेंगे,यदि समिति कर्मचारियों का आंदोलन लंबा खिंचा तो जिले में धान खरीदी का पूरा सिस्टम काबुरी तरह प्रभावित होना तय है,किसानों को धान बेचने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ेंगी और रवि फसल की तैयारी पर भी असर पड़ेगा,हालांकि अधिकारियों द्वारा यह बात कही जा रही है कि धान खरीदी कार्य में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी,समिति कर्मचारियों से बातचीत चल रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही उनका आंदोलन स्थगित हो जाएगा।गौरतलब है कि सूरजपुर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, कंदरई में प्रभा तिर्की, रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े, मानी में कौशलेंद्र सिंह, जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा, कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगिरी रविन्द्र कुमार ब्यास को समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी व्यवस्था देखने नियुक्त किया गया है।

- अधिकारी शनिवार अवकाश होने की बात कह पल्ला झाड़ रहे





### विधायक उद्धेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि मंडी में की गई धान खरीदी की शुरुआत

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन में कृषि मंडी प्रांगण में आज धान खरीदी की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम गणेश भगवान एवं लक्ष्मी मां के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी की शुरुआत की गई। नगर पंचायत के किसान विनोद कुमार से सर्वप्रथम 40 किलो 700 ग्राम की धान बेच कर धान खरीदी की शुरुआत की। कृषि मंडी प्रांगण में धान खरीदी के दौरान विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अलावा जिपं अध्यक्ष हीरा मुनि निकुंज, तहसीलदार रोकी एक्का, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, नपं अध्यक्ष राजेंद्र भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, मंडी सचिव के ठाकुर, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अरुण गुप्ता, इंदर निकुंज, रुदन बघेल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ में खुदवाया गड्ढा आवागमन बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**बिहारपुर।** सीमावर्ती मध्यप्रदेश से अवैध धान की आवक रोकने प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सीमावर्ती मध्यप्रदेश अंतर्गत ग्राम बरगढ़ से छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ग्राम कोल्हुआ मकरादुआरी के रास्ते कोचिए भारी मात्रा में धान परिवहन करते हैं। इस बार भी कोचिए इस मार्ग से लम्बे समय से एमपी का धान छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों में ला रहे थे। पूर्व में जांच चौकी स्थापित कर अवैध धान का परिवहन रोकने की कोशिशें की जा रही थी लेकिन पिछले साल मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बार क्षेत्र के सरपंचों एवं ग्रामीणों ने मार्ग से आवागमन बाधित करने का विरोध किया था तथा आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन द्वारा अवैध धान की आवक रोकने जांच चौकी स्थापित करने के बजाए शनिवार को मार्ग में बड़ा गड्ढा खोद दिया गया वहीं सीमावर्ती खीरो नदी के किनारे मार्ग पर बड़े-बड़े चट्टान रखवा दिए गए हैं जिससे अब वाहनों का आवागमन संभव नहीं होगा।



क्षेत्र के ग्रामीण जरूरी सामानों की खरीदी करने के साथ ही इलाज के लिए मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला पर निर्भर हैं तथा छोटा होने के कारण इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। प्रशासन द्वारा मार्ग से आवागमन बंद करने से ग्रामीणों को अब 20 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी जिसमें अधिक राशि व्यय होने के साथ ही ज्यादा समय लगेगा जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही मार्ग को बंद कर दिया जाता तो लम्बे समय से कोचियों द्वारा किए जा रहे अवैध धान के परिवहन पर रोक लग जाती। अब कोचियों द्वारा भारी मात्रा में सीमावर्ती मध्यप्रदेश का धान जगह-जगह भंडारित करने के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।

## घर बनवाने के नाम पर हड़प ली ग्रामीण की स्वीकृत आवास राशि

**शंकरगढ़।** ग्राम विनायकपुर निवासी महिला के नाम स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर बनाने के नाम पर न सिर्फ हड़प लिया बल्कि खुद के घर बनाने में खर्च कर दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत प्रशासन से की है तथा कार्रवाई किए जाने की मांग की। मनोहरपुर अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी तिजारी बाई पति बिरझू राम के नाम शासन की आवास योजना के अंतर्गत राशि स्वीकृत हुई। पीड़िता ने बताया कि विवेक यादव आ. रविन्द्र यादव झूठा भरोसा और बहला-फुसलाकर सरकारी आवास राशि का दुरुपयोग किया गया है। पीड़ित तिजारी के अनुसार घर बाद में बनवा देने का झांसा देकर स्वीकृत आवास की पूरी राशि को हड़प लिया गया। इस राशि का उपयोग विवेक यादव ने अपने निजी भूमि में अपने घर का निर्माण करवा लेने में किया। योजना के नियमों के विपरीत। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि आज तक उन्हें न तो कोई आवास मिला है और न ही योजना से संबंधित कोई लाभ। गांव में इसे लेकर लोगों में काफी रोष है। पीड़िता ने एसडीएम अनमोल टोप्पों से शिकायत कर जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने बताया कि पीड़ित ने धोखे से उसके आवास के लिए स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा हड़प लेने की शिकायत की है। शिकायत पर जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## पेज 1 के शेष...

### बाथरूम गई महिला और हो गया...

के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सफाई कर्मियों में सेप्टिक सीट को तोड़कर मुर्गा में फंसे हुए बच्चे को बाहर निकाला गया। फिलहाल बच्चे को वेंटीलेटर पर रखा गया है और चिकित्सकों की टीम बच्चे की निगरानी कर रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर निवासी रामपति बाई पति सूरज 6-7 महीने की गर्भवती थी। 13 नवम्बर को महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन द्वारा प्रतापपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे उपचार के लिए राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रिफर कर दिया गया था जिसके बाद महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीन संचालित एमसीएच अस्पताल के एएमसी-2 वार्ड में भर्ती किया गया था। शनिवार की सुबह 10.30 बजे प्रसूता को बाथरूम लगी तो वह प्रसूति वार्ड के शौचालय में गई थी जिसके बाद वह आराम से अपने बिस्तर पर आकर लेट गई। लगभग आधे घंटे बाद महिला को एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है और उसका पेट खाली है जिसके बाद महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हंगामा होने पर वार्ड के नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक मौके पर पहुंचे तो पता चला की महिला का प्रसव हो गया है। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि वह बाथरूम करने गई थी जिसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया।

## अनियंत्रित होकर सड़क से उतरी बाइक, युवक की मौत

**राजपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है ग्राम ठरकी निवासी 35 वर्षीय रामधनी राही आ. सुन्दर साय कोरवा शनिवार की सुबह 9.15 बजे अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 0607 से अपने ससुराल गाम भोंदना जाने के लिए निकला था। इस दौरान राजपुर-कुसमी मार्ग पर ग्राम सेवारी शिव मंदिर के समीप युवक ने अपनी तेज रफ्तार बाइक से नियंत्रण खो दिया और युवक दुर्घटना का शिकार हो



गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक को रास्ते से गुजर रहे पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए तत्काल संजीवनी 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस दौरान युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411